एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

शनिवार, 4 अप्रैल 2026,

PAGE NO, IV, TOP

खेल सिखाते हैं हमें हार-जीत को स्वीकार करना : महापौर

एसआरएमएस में ट्रॉफी का अनावरण करते महापौर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट आरंभ

अमृत विचार: एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने ट्रॉफी का अनावरण किया।

राम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में महापौर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अहंकार से दूर रहना बेहद जरूरी है। खेल हमें हार-जीत को स्वीकार करना सिखाते हैं, जिससे व्यक्ति मजबूत बनता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट का अगला सीजन टी-25 फार्मेट में खेला जाएगा। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने बताया कि विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को 5100-5100 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी में 200 से अधिक बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें 25 से ज्यादा लड़कियां हैं।